सन्दर्भ सं. सीजीटीएमएसई /21 18 जनवरी 2024

क्रेडिट गारंटी योजना - I & II
सीजीटीएमएसई के सभी सदस्य ऋणदात्री संस्थाएँ (**एमएलआई**)

परिपत्र सं.237/2023-24

महोदया, प्रिय महोदय,

गोवा क्रेडिट गारंटी योजना (जीसीजीएस)
मुख्यमंत्री – सरल उद्योग सहाय योजना (एमएसयूएसवाई)

हमें यह सूचित करते हुए प्रसन्नता हो रही है कि सीजीटीएमएसई ने गोवा सरकार के सहयोग से गोवा राज्य में स्थित एमएसई के लिए एक विशेष क्रेडिट गारंटी योजना "गोवा क्रेडिट गारंटी स्कीम (जीसीजीएस)/मुख्यमंत्री-सरल उद्योग सहाय योजना (एमएसयूएसवाई)" शुरू की है। इस योजना के तहत, क्रेडिट सुविधा के लिए गारंटी कवरेज का 75%-85% सीजीटीएमएसई द्वारा प्रदान किया जाएगा जैसा कि उधारकर्ता की श्रेणी के आधार पर अब तक किया जा रहा है और शेष 20%-10% कवरेज गोवा सरकार द्वारा प्रदान किया जाएगा जिससे समग्र गारंटी कवरेज 95% हो जाएगा। योजना के अंतर्गत, बढ़ी हुई गारंटी कवरेज क्रिस्टलीकृत पोर्टफोलियो के 10% के एनपीए स्तर तक उपलब्ध होगी (पोर्टफोलियो को प्रत्येक वित्त वर्ष में क्रिस्टलीकृत किया जाएगा)। यदि एनपीए स्तर क्रिस्टलीकृत पोर्टफोलियो के 10% की उपरोक्त सीमा से अधिक है, तो दावों का निपटान सीजीटीएमएसई की सामान्य क्रेडिट गारंटी योजना की शर्तों के अनुसार किया जाएगा।

यह योजना 11 जनवरी, 2024 को या उसके बाद स्वीकृत सभी क्रेडिट सुविधाओं के लिए प्रभावी बनाई गई है और पांच साल की अवधि के लिए या सरकार द्वारा प्रतिबद्ध कॉर्पस फंड की समाप्ति तक, जो भी पहले हो, लागू रहेगी। सभी मौजूदा एमएलआई जीसीजीएस के तहत पात्र होंगे। 95% गारंटी कवरेज के अलावा, जीसीजीएस के तहत क्रेडिट गारंटी योजनाओं के अन्य सभी नियम और शर्तें लागू होंगी।

इस पहल से गोवा राज्य में एमएसई की वित्तीय सहायता की जरूरतों को पूरा करने में सहायता मिलेगी। हम आपसे अपेक्षा रखते हैं कि जीसीजीएस को लोकप्रिय बनाएँ और यह सुनिश्चित करें कि योजना का लाभ सबको उचित रूप से मिले।

कृपया इस परिपत्र की विषय-वस्तु को ओडिशा राज्य में स्थित अपने सभी कार्यालयों के ध्यान में लाएँ ।

भवदीय,

ह/-

(धीरज कुमार)
उप महाप्रबंधक